वेदों की
ओर
लौटो।

।। ओ३म् ।।
।। कृण्वन्तो विश्वमार्यम् ।।

वेद प्रतिपादित मानवीय मूल्यों को जन-जन तक
पहुँचाने हेतु कार्यतत्पर सशक्त एवं समर्थ प्रान्तीय आर्य संगठन

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा का
**मासिक मुखपत्र**

# वैदिक गर्जना

वर्ष २० अंक ०१ - १० जनवरी/फरवरी २०२०



भावपूर्ण
श्रद्धांजलि!

वेद व्याकरण एवं दर्शनों के ज्ञाता, महान पण्डित
आचार्य सत्यानन्दजी 'वेदवागीश'

उस्मानाबाद के अ.भा.मराठी साहित्य संमेलन में वैदिक साहित्य विक्रय केन्द्र।

नि:शुल्क वितरण हेतु प्रकाशित आर्य समाज ट्रैक्ट का विमोचन।

ग्रन्थ वितरण करते हुए आर्य कार्यकर्त्ता श्री प्रभाकरराव निपाणीकर।

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा का

मासिक मुखपत्र

# वैदिक गर्जना

सृष्टि सम्वत् १,९६,०८,५३,१२० कलि संवत् ५१२० विक्रम संवत् २०७६

दयानन्दाब्द १९५ पौष/माघ १० जन./फरवरी २०२०



| प्रधान सम्पादक | मार्गदर्शक सम्पादक | सम्पादक |
|---|---|---|
| **राजेन्द्र दिवे** | **डॉ.ब्रह्ममुनि** | **डॉ.नयनकुमार आचार्य** |
| (९८२२३६५२७२) | | (९४२०३३०१७८) |

सहसम्पादक **प्रा.देवदत्त तुंगार**(९३७२५४१७७७), **प्रा.ओमप्रकाश होलीकर**(९८८१२१५६१६), **ज्ञानकुमार आर्य**(९६२३८४२२४०), **राजवीर शास्त्री**(९८२२९९००११)


## अनुक्रम

**हिन्दी विभाग**


१) श्रुतिसुगन्ध ........ ०४
२) सम्पादकीयम् ........ ०५
३) षड्दर्शनों की वेदमूलकता ........ ०७
४) युवा पीढी से कुछ तीखें प्रश्न ........ १०
५) नागरिकता संशोधन कानून-यथार्थता ........ १४
६) ये नववर्ष हमें स्वीकार नहीं! ........ १६
७) महान् व्यक्तित्त्व- स्वामी स्वतन्त्रानन्दजी ........ १७
८) समाचार दर्पण ........ १८
९) शोक समाचार ........ १९


**मराठी विभाग**


१) उपनिषद संदेश/दयानंद वाणी ........ २३
२) म.दयानंद जयंती व बोधपर्व - एक चिंतन ........ २४
३) सुखाचे स्वरूप व त्याची प्राप्ती ........ २९
४) वार्ताविशेष ........ ३३
५) निधन वार्ता ........ ३५



* प्रकाशक *

मन्त्री, महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा,
सम्पर्क कार्यालय-आर्य समाज,
परली-वैजनाथ-४३१५१५

* मुद्रक *

वैदिक प्रिन्टर्स
महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा
आर्य समाज, परली-वै.

वैदिक गर्जना के शुल्क

वार्षिक रू.१००/-

आजीवन रू.१०००/-



इस मासिक पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से सम्पादक मण्डल सहमत हो, यह अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवादकी परिस्थिति में न्यायक्षेत्र परली-वैजनाथ जि.बीड ही होगा।

# श्रुतिसुगंध

## विजय, यश और ऐश्वर्य किनका ?

**शुनं हुवेम मघवानमिन्द्रमस्मिन्भरे नृतमं वाजसातौ।**
**शृण्वन्तमुग्रमूतये समत्सु घ्नन्तं वृत्राणि संजितं धनानाम्।।**
**(ऋ.३/३३/१७)**

**पदार्थान्वय** – हे मनुष्यों! जैसे हम लोग (**ऊतये**) रक्षा आदि के लिए (**समत्सु**) संग्रामों में (**घ्नन्तम्**) नाश करनेवाले (**उग्रम्**) तेजस्वभावयुक्त (**धनानाम्**) द्रव्यों के (**संचितम्**) और उत्तम प्रकार शत्रुओं को जितनेवाले (**वृत्राणि**) सुवर्ण आदि धनों को (**शृण्वन्तम्**) सुनते हुए को (**अस्मिन्**) इस (**वाजसातौ**) धन और अन्न आदि के विभाग करनेवाले (**भरे**) संग्राम में (**नृतमम्**) उत्तम गुणों से सर्वोत्तम (**मघवानम्**) परम धनवान् और (**इन्द्रम्**) दुष्ट जनों के नाशकर्त्ता की (**हुवेम**) पुकारें और उसके संग से (**शुनम्**) सुख को प्राप्त होवें, वैसे इसकी स्तुति करके आप लोग भी इस को प्राप्त हों।

**भावार्थ**– इस मन्त्र में वाचकलुप्तोपमालङ्कार है। जो राजा आदि प्रधान पुरुष, राजविदया में चतुर, योद्धा, न्यायाधीश पुरुषों, प्राङ्विवाकों (वकीलों) और सेवक पुरुषों को सत्कार करके ग्रहण करें, तो उन राजाओं का सदैव विजय, यश और ऐश्वर्य होता है। इस सूक्त में सोम, मनुष्य, ईश्वर और बिजुली के गुण वर्णन करने से इस सूक्त के अर्थ की इससे पूर्व सूक्त के साथ संगति जाननी चाहिए।

**(महर्षि दयानन्दकृत ऋग्वेद भाष्य)**

## * आगामी कार्यक्रम *

*** राज्यस्तरीय स्वास्थ्य रक्षा एवं प्रशिक्षण शिविर**

दि.०२ से ०८ मार्च २०२० तक / स्थान – श्रद्धानंद गुरुकुल आश्रम,परली

*** म.दयानन्द जयंती (१८ फरवरी) एवं ऋषि बोध पर्व(२१ फरवरी)**

स्थान – सभी आर्य समाजें एवं अन्य आयोजन स्थल

*** आर्य समाज गांधी चौक लातूर का उत्सव- अप्रैल २०२० के अन्तिम सप्ताह में।** *** श्रद्धानंद गुरुकुल परली वार्षिकोत्सव-अप्रैल २०२०**

सम्पादकीय

# राष्ट्रहित में विवेकशीलता आवश्यक

समस्या छोटी हो या बडी, उसका मूलभूत कारण हैं अविचार! क्योंकि अविचारों के कारण ही सब की प्रकार की समस्याएं खडी होती हैं, जो कि व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र व सारे मानवमात्र को हानि पहुंचाती हैं। इन्हीं अविचारों से ही नानाविध बिमारियां खडी होकर वे हमारा जीना दुष्कर कर देती हैं, इसीलिए महाराज भर्तृहरिजी कहते हैं- **'संसारदीर्घरोगस्य सुविचारों हि महौषधम्।'** समग्र विश्व की दीर्घकालीन असाध्य रोगों के समूल निवारण हेतु विवेकपूर्ण सद्विचार ही सबसे बडी औषधि हैं। आज मानव अनेकों बिमारियों से जकडा है। उससे भी जादा सामाजिक व राष्ट्रीय संकटों ने इसे घेरा है। लेकिन दुर्भाग्य यह कि हमारी व्यवस्था इनके ईलाज के लिए समस्या के मूल तक नहीं पहुंचती। इनका समाधान केवल अस्थायी रूप में तलाशना चाहती है। वह 'मूल का भूल' को जानना व समझना नहीं चाहती। इसी कारण समस्या वहीं की वहीं रह जाती है। इनका पूर्णत: स्थायी समाधान तो महर्षि दयानन्द ने वैदिक विचारों द्वारा किया था। स्वामी की दृष्टि में वैदिक विशुद्ध ज्ञान की अप्रवृत्ति होने से ही भूगोल में अविद्यान्धकार का विस्तार हुआ और मनुष्यों की बुद्धि भ्रमयुक्त होकर मनमानें मत-सम्प्रदाय चले पडे। इन्हीं वेदविरुद्ध मतों ने मानवसमाज को दु:खसागर में प्रवाहित किया है। यदि ये मत-पन्थ न होते तो विश्व में सुख-शान्ति की सरिता प्रवाहित होती।

हमारे देश में इस समय साम्प्रदायिता की भयंकर विषाक्त बेल बेशुमार बढती जा रही है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर(एनआरसी) को लेकर सम्प्रति सारे देश में अस्थिरता का माहौल है। इनके विरोध में प्रदर्शन व आन्दोलन चल रहे हैं। संसद में पारित 'नागरिकता संशोधन कानून' की यथार्थता को समझने व समझाने का प्रयास यदि विपक्ष के लोग सामंजस्यता के साथ करते, तो आज देश में अशान्ति का वातावरण उत्पन्न न होता। आज दिल्ली के शाहीन बाग में क्या हो रहा है? जामिया मिलीया कॉलेज और जेएनयू में छात्रों द्वारा राष्ट्रविरोधी नारे दिये जा रहे हैं। यह सब चल रहा है संविधान की दुहाई देकर! यह कदम संविधान के विरोध में नजर आता है, तो फिर अन्य संवैधानिक तत्त्वों का पालन क्यों नहीं होता?

ऐसे तणावपूर्ण व गम्भीर वातावरण में विपक्ष व सत्ता पक्ष के लोगों को संयम से काम लेना चाहिए। ये बिकट स्थितियां उत्पन्न हुई है, हमारी ही ऐतिहासिक गलतियों के कारण! इन्हें यथासमय सुधारा नहीं गया, इसलिए आज इसके परिणाम देश को भोगने पड रहे हैं। स्वन्तत्रता के बाद सर्वाधिक शासन करनेवाली कांग्रेस सरकारें यदि साम्प्रदायिकता की संकीर्ण राजनीति न अपनाती, तो बहुत सारी मुसीबतें खडी न होती। देश के सर्वहित व कल्याण के लिए सीएए जैसे कानून का समर्थन कांग्रेस सहित वामपंथी व अन्य विपक्ष पार्टियां करती, तो देश में आज बिघडती स्थितियाँ खडी न होती। ऐसे में दोनों पक्ष के नेता लोग विघातक बयानबाजी कर जनता को भडका रहे हैं, जिससे दो समाज में पहले से जो सद्भाव, मित्रता व भाईचारे का वातावरण था, उसपर आँच आ रही है। जगह-जगह राष्ट्रीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। यह बिल्कुल अनुचित है। इसी माहौल को देखकर सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश शरदजी बोबडे ने टिप्पणी करते हुए कहा है - 'आज इस समय सारा देश कठिन स्थितियों से गुजर रहा है।' उनका कहना है कि जब संसद ने सीएए का कानून बना ही दिया है, तो इसकी वैधता के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की आवश्यकता ही क्या? जो करना था वह सोच समझकर किया है।'

देश के विचारविदों व सभी तत्त्वचिन्तकों से विचारविमर्श कर भविष्य में होनेवाले दुष्परिणामों पर विचार होता, तो स्थितियां कुछ और बन जाती थी। आज देश का माहौल सर्वदृष्टि से सौहार्दपूर्ण बनें इसके लिए सभी को प्रयत्न करना आवश्यक है। देश के हित में विपक्षों का सहयोग, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं कल्याण की भावना अपेक्षित होती है, जिससे राष्ट्र की साम्प्रदायिक समस्या दूर होकर देश प्रगतिपथपर चल सकें। आज के नागरिकता संशोधन कानून के विषय में विपक्ष को उचित है कि सारी भ्रामकता को दूरकर सच्चाई को स्वीकार करें और सरकार का पूरा समर्थन करें। और साथ ही इन परिस्थितियों में दोनों पक्ष के बुद्धिजीवियों व विद्वानों का कर्तव्य है कि इसकी यथार्थता को जानते हुए सामान्य लोगों में जनजागरण करें। क्योंकि हिंसा, लडाई तथा आपस में संघर्ष ये सारी बातें मनुष्यता के विपरीत है। यदि इस कानून में सभी का हित समाहित है और देश विघटनकारी समस्याओं से बचनेवाला है, तो सहृदयता के साथ सभी ने सरकार के इस कदम का स्वागत करना ही चाहिए।

- नयनकुमार आचार्य

# षड्दर्शनों की वेदमूलकता

– डॉ.विमलकुमार आर्य(वैदिक प्रवक्ता,हरदोई)

महर्षि दयानन्द से पूर्व षड्दर्शनों के सन्दर्भ में मान्यतायें अलग-अलग थी। ऋषियों के अतिरिक्त किसी सामान्य व्यक्ति ने संस्कृत भाषा में जो कुछ लिख दिया, उसे वेदवाक्य या शास्त्रों अर्थात् षड्दर्शनों में से किसी का लिखा या कहा हुआ मान लेते थे। यह सारा गोरख धन्धा वेदज्ञान के अभाव में तो होता ही था। साथ-साथ दर्शनों पर... चाहे अध्ययन न भी किया हो, फिर भी संस्कृत में कोई वाक्य या श्लोक गढ देते या उद्धृत कर देते और घोषित करते कहते कि **'यह वेदवाक्य है'** या **'शास्त्रों में ऐसा ही लिखा है'**, वे किस ऋषि और कौन से शास्त्र अर्थात् दर्शन का है, इस बात को स्पष्ट नहीं करते थे। फिर वेद की बात तो दूर की ही हो गयी। ऋषि दयानन्द के आगमन से ही वेद परमात्मा वाणी सिद्ध हुए। सत्यार्थ प्रकाश में ऋषि दयानन्द ने वैदिक दर्शनों के दृष्टिकोण को विशेष प्रकार से समझाने का प्रयत्न किया।

वेदों को ज्ञानराशि का मूल वृक्ष बताया। उसकी शाखाएं व प्रशाखाएं वेदांग, षड्दर्शन और उपनिषदें हैं। इसलिए 'पातंजल योग प्रदीप' (ओ३मानन्द सरस्वती कृत) ग्रंथ जिसका सम्पादन पं.गंगाप्रसाद चीफ जज टिहरीवालों ने किया था। प्रथम संस्करण वैदिक यंत्रालय अजमेर ने ही प्रकाशित किसा। दूसरा संस्करण गीता प्रेस, गोरखपुर से प्रकाशित हुआ। इस ग्रंथ के द्वितीय परिच्छेद में 'प्राक्कथन' में कहा गया है कि – 'महर्षि दयानन्द सरस्वती इस युग के प्रथम आचार्य हैं, जिन्होंने ईश्वर के गौणिक नामों तथा षड्दर्शनों के अलग-अलग मान्यताओं के आधारपर विघटित सम्प्रदायों में विभक्त समाज को एकता के सूत्र में बाँधने को प्रयत्न किया है।'

स्वामी दयानन्द सरस्वती अपने साहित्य में पहले वेद मन्त्रों के प्रमाण देते हैं। जैसे अष्टम समुल्लास में सृष्टि विषय पर ऋग्वेद मं.१०, सू.१२९ मं.८, ऋ.मं.१०, सू.१२९ मं.१, यजुर्वेद ३१ अ.२ के उद्धरण देकर पश्चात् ऋषियों के सूत्रों से प्रमाणित करके कोई विषय स्पष्ट समझाते हैं। यह शैली पूर्ववर्ती किसी विद्वान् में नहीं मिलती। यही कारण रहा कि वेदों की गूढ विद्याओं का प्रकाश जनता के बीच नहीं आ सका, जिससे नास्तिकता और अविद्या ही बढी।

'पाणिनि' के अनुसार जिज्ञासा का अर्थ है जानने की इच्छा! किसको जानने की इच्छा? उस धर्म को जानने की इच्छा पूर्व मीमांसा दर्शन में जैमिनि मुनिने प्रारम्भ में कहा 'अथतो धर्मजिज्ञासा।'(१-१-१)

अब धर्म (अर्थात् करणीय कर्म) जानने की (इच्छा है) जिज्ञासा है। इस जिज्ञासा का उत्तर देने के लिए १६ वे अध्याय व ६४ पादवाल ग्रन्थ लिखा गया। उदारहण के लिए जैसे वृक्ष की लकडी से कोई सुयोग्य बढई कुर्सी, मेज व अन्य उपयोगी वस्तुएं बनाता है। उस बढई ने मनुष्य के लिए उपकार का कार्य कल्याण के लिए किया है। इसी तरह कर्मों की व्याख्या भी इस दर्शन में की गई है। इसी प्रकार ब्रह्मसूत्र(उत्तर मीमांसा) में जब मनुष्य जीवनयापन करने लगता है, तो उसके मन में दूसरी जिज्ञासा उठती है, वह जिज्ञासा **'ब्रह्मजिज्ञासा'** है। इसलिए ब्रह्मसूत्र का प्रथम सूत्र 'अथातो ब्रह्म जिज्ञासा' है।

पहली जिज्ञासा धर्म की थी, दूसरी जिज्ञासा जगत् का मूल कारण जानने की (ज्ञान से) थी! इस दूसरी जिज्ञासा का उत्तर ही ब्रह्मसूत्र या उत्तरमीमांसा है। इस ब्रह्मसूत्र में चार अध्याय व १६ पाद हैं। इसमें बताया गया है कि तीन ब्रह्म अर्थात् मूल पदार्थ हैं - प्रकृति, जीवात्मा, परमात्मा! ये तीनों अनादि हैं, इनका आदि व अन्त नहीं है। इसकी वेदमूलकता ऋ.मं.१ सू.१६४ मं. तथा २० में तथा यजुर्वेद अ.४०मं ८ में है। इसी प्रकार सत्त्व, रज, तम की साम्यावस्था का नाम प्रकृति है। यह सांख्यदर्शन के अन्तर्गत आती है। आचार्य कपिल इसके प्रणेता हैं। परमात्मा का तेज परमाणु की साम्यावस्था को भंग करता है, जिससे असाम्यावस्था भंग होती है। तथा इसी से रचना कार्य प्रारम्भ होता है। अहंकार व पंचमहाभूत इसी के ज्ञानक्षेत्र में आते है। संक्षेप में इतना ही सम्भव है।

**मूलपदार्थ** - परमात्मा, जीवात्मा, प्रकृति का वर्णन तो ब्रह्मसूत्र में है। ये तीन पदार्थ ब्रह्म कहाते हैं। प्रकृति के परिणाम अर्थात् रूपान्तर दो प्रकार के हैं। महत्, अहंकार, तन्मात्रा तो अव्यक्त हैं। इनका वर्णन सांख्य में है। परिमण्डल, पंचमहाभूत तथा महाभूतों से बनें चराचर जगत् व इससे बनें सब पदार्थ व्यक्त पदार्थ कहाते हैं, इन पदार्थों का वर्णन कणादमुनि ने वैशषिक दर्शन में किया है।

सत्य की खोज के लिए सोलह तत्त्व हैं। उन तत्त्वों के द्वारा किसी पदार्थ की सत्यता का पता किया जा सकता है-१) प्रमाण, २)प्रमेय, ३) संशय, ४) प्रयोजन, ५) दृष्टान्त, ६) सिद्धान्त, ७)

अवयव, ८) तर्क, ९) निर्णय, १०) वाद, ११) जल्प, १२) वितंडा, १३) हेत्वाभास, १४) छल, १५) जाति, १६) निग्रहस्थान! इन सबका वर्णन न्याय दर्शन में है। इस प्रकार न्यायदर्शन को तर्क करने का व्याकरण भी कहा जा सकता है। वेदार्थ जानने में तर्क का विशेष महत्त्व है और यह वेदार्थ करने में सहायक है। **तत्त्वज्ञानान्निः श्रेयसाधिगमः** (न्यायदर्शन) अर्थात् सोलह तत्त्वों से निःश्रेयस् की प्राप्ति होती है। योग दर्शन जीवात्मा का सत्य के साथ संयोग अर्थात् सत्य की प्राप्ति का उपाय है।

**'तप स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोगः।'** (योग२-१)

अर्थात् तप, स्वाध्याय और परमात्मा के आश्रय से योग का कार्यक्रम हो सकता है। इससे ही अध्यात्म ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। जो मनुष्य विद्या और अविद्या के स्वरूप को साथ-साथ जानता है, वह अविद्या अर्थात् कर्मोपासना से मृत्यु को तरके विद्या अर्थात् पदार्थज्ञान से मोक्ष को प्राप्त रहता है। (यजुर्वेद ४०-१४) यजुर्वेद का ४० वा अध्याय वेदान्त दर्शन का मूलाध्याय है। वेदान्त दर्शन के प्रणेता व्यास मुनि हैं।

यह उपरोक्त षड्दर्शन वैदिक दर्शन है और ये वेदरूपी वृक्ष की यह शाखाएं है। इसलिए वेदमूलक होते हुए वैदिक दर्शन हैं। वेद ईश्वर की वाणी होने से आस्तिक दर्शन यह षड्दर्शन है। ऋषि दयानन्द ने तर्कयुक्त षड्दर्शनों को वेदमूलकतापरक सिद्ध किया है। इसमें कोई सन्देह नहीं है।

– दूरभाष–९४५१२०९६०२

## नागरिकता संशोधन कानून का स्वागत...!

भारतीय संसद के दोनों सदनों में नागरिकता संशोधन विधेयक (सीएए) पारित हुआ और यह नया कानून बनकर राष्ट्रीय इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ बन गया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदीजी एवं गृहमन्त्री श्री अमितभाई शहा के सफल प्रयासों से देश के हित में यह कानून लागू हुआ है, यह बहुत ही हर्ष का विषय है। महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा तथा राज्य की सभी आर्य समाजें इस नये कानून का स्वागत करती है और देश की मोदी सरकार का हृदय से अभिनन्दन करती है। सभी देशवासियों का कर्तव्य है कि, इस कानून का पालन करते हुए सरकार को सहयोग करें।

* * *

# युवा पीढी से कुछ तीखे प्रश्न

– पं.रामनिवास 'गुणग्राहक'

मैं अपनी बात का प्रारम्भ रहीम के एक बहुमूल्य दोहे के साथ करना चाहता हूँ। पाठक गण सोचकर देखें कि इस दोहे को लिखते समय की मन:स्थिति क्या रही होगी –

**कहि रहीम मुश्किल परी, गाढे दोऊँ काम।**
**सांचे ते तौ जग नहीं, झूठे मिलें न राम।**

रहीम के अनुसार सच बालें तो संसार के नहीं रहते और झूठ बोलें तो ईश्वर नहीं मिलता। करें तो क्या करें? रहीम की यह मनोव्यथा तब से लेकर आज तक हर उस व्यक्ति को व्यथित करती है, जो सत्य बोलना और सत्य ही सुनना चाहता है। बुद्धिजीवी–विशेषत: सहित्यकार लेखक व कविगण अपने माने हुए सत्य को ही परम् सत्य सिद्ध करने में ही लगे रहते हैं। भिन्न–भिन्न विचारधारावालों के साथ बैठकर विचार–विमर्श की परम्परा अपनी अन्तिम सांस ले चुकी लगती है। आज विचार–भिन्नता को बुद्धिजीवी कहलानेवालों में विरोध की सजा दी जाती है। यही कारण है कि किसी भी समाज के विविध पक्षों का सन्तुलित विश्लेषण हमारी कार्यशैली में नहीं दीखता। समाज के जीवन–मरण से जुडे गम्भीर प्रश्नों को खिलवाड की तरह लिया जाता है। पता नहीं क्यों हमारा बुद्धिजीवी वर्ग यह सोच और देख नहीं पा रहा है कि भारत चाहें समृद्धि और संसाधनों की दृष्टि से विश्व की तीसरी, दूसरी व पहली शक्ति बन जाए, वैज्ञानिक उन्नति करते हुए चन्द्रमा पर कॉलोनी बना ले, लेकिन जातिवाद और जनसंख्या विस्फोट की अनदेखी करते रहे, तो एक दिन आपस के संघर्ष और भुखमरी के हाथों हमारा सबकुछ नष्ट भ्रष्ट होकर रह जाएगा। इस सच से आँखे बन्द करके आरक्षण के लए जातीय वैमनस्य को जैसे तैसे ढोते रहना तथा जनसंख्या नियंत्रण को समुदाय विशेष के साथ जोडकर देखना देश के लिए आत्मघाती होगा।

ऐसी गम्भीर समस्याओं के स्थायी समाधान छोटी और जाति, समुदाय व सम्प्रदाय में बँटी सोच से नहीं निकाले जा सकते। मानवतावादी सोच रखकर सत्य के लिए संघर्ष करने का साहस रखनेवाले उदार चेता लोगों को ऐसी बिकट समस्याओं के लिए काम करना पडेगा। ऐसी ही एक विकट समस्या है अन्तर्जातीय वैवाहिक सम्बन्ध। लेखक भारत की प्राचीन वैदिक संस्कृति का सच्चा सेवक, प्रचारक और प्रतिनिधि है।

वैदिक संस्कृति वर्तमान जातिवाद को एक सामाजिक कुरीति के रूप में मानती है। वैदिक संस्कृति में जातिवाद, ऊँच-नीच के भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है। वैदिक संस्कृति का संवाहक आर्य समाज आज भी संविधान की मर्यादा में रहकर अन्तर्जातीय विवाह कराता है, मगर समाज में इसे लेकर जो अप्रिय वातावरण बन रहा है, उस पर आज कुछ गम्भीर प्रश्न खडे होते हैं। ध्यान रहे अन्तर्जातीय विवाहों की समस्या कोई सवर्ण-अवर्ण को लेकर ही नहीं है। जाट-राजपूत, ब्राह्मण-वैश्य में भी है। आरक्षित वर्ग से आनेवाले, यादव-मीणा, कुम्हर-धोबी आदि सब मिलकर आरक्षण के नाम पर भले ही लड लें, लेकिन एक दूसरे के साथ विवाह-सम्बन्ध करने के नाम पर ये एक दूसरे से उतने ही दूर हैं, जितने ब्राह्मण और जाट या जाट और यादव! संविधान में आरक्षण प्राप्त जातियों के लोग भी आपस में विवाह सम्बन्ध करने लग जाए तो देश की बहुत बडी समस्या हल हो जाए। लगता है कोई भी इस दिशा में एक कदम आगे बढाने के बारे में सोचना ही नहीं चाहता। आश्चर्य तो देखिये कि सिद्धान्त के रूप में जातिवाद का समर्थन आज कोई सार्वजनिक रूप से नहीं कर सकता, अगर व्यावहारिक स्तरपर जातिवाद मिटाने के लिए कोई एक कदम आगे बढाने का साहस नहीं दिखा पाता। इसे कहते हैं विचारों और भावनाओं का संघर्ष! यह है परम्परा और प्रगतिशीलता की खींचातानी! हमें इनसे ऊपर उठना ही होगा।

क्या कारण है कि जन्म आधारित जातिवाद के विरुद्ध अभियान चलाकर गत १००-१२५ वर्षों से अन्तर्जातीय विवाह कराने में सबसे आगे रहनेवाले आर्य समाज के एक सेवक को आज अन्तर्जातीय विवाहों को लेकर प्रश्न खडे करने पड रहे हैं। अभी बरेली के एक विधायक की पुत्री ने आरक्षित वर्ग में उठनेवाली किसी (अजात) जाति के युवक से प्रेम विवाह कर लिया। टी.वी. चैनलों से पता चला कि उन दोनों ने अपने-अपने माता-पिता से इस सम्बन्ध में कोई चर्चा नहीं की। लडके के पिता का कहना है कि वह मुझसे बात करता तो मैं लडकी के पिता से चर्चा अवश्य करता। यह सब जानकर भी किसी ने उन दोनों से यह नहीं पूछा कि क्या १८ वर्ष की आयु के बाद माता-पिता इतने अप्रासंगिक हो जाते हैं कि विवाह जैसे महत्त्वपूर्ण विषय को लेकर उनकी ऐसी घोर उपेक्षा कर दी जाए? क्या १८ वर्ष की पुत्र-पुत्रियों का माता-पिता के प्रति

कोई उत्तरदायित्व नहीं बनता। क्या १८ वर्ष के बाद पुत्र-पुत्रियों को १८ वर्ष तक हमारा सर्वविधि पालन-पोषण करनेवाले माता-पिता के प्रति इतना कृतघ्न हो जाना चाहिए कि उनकी मान-मर्यादा को पैरों तले दिया जाए?

सम्भवत: २०१० के आस-पास की बात है। टी.वी. पर हरियाणा में 'ऑनर किलिंग' विषय पर चर्चा चल रही थी। युवा पीढी से विचार जानने के लिए युवक-युवतियाँ आमंत्रित थे। संचालक (एंकर) ने एक युवक से पूछा कि माता-पिताओं का कहना यह है कि हमारे पुत्र-पुत्रियाँ समाज की समस्याओं के विरुद्ध जाकर विवाह करते हैं, तो हमें समाज में भला बुरा सुनना पडता है, अपमानित होना पडता है। क्या युवा पीढी को उनकी इस स्थिति पर नहीं सोचना चाहिए? इस प्रश्न पर एक युवक ने जो उत्तर दिया, उसे सुनकर मेरा हृदय काँप उठा। युवक कहता है- यह समस्या उनकी है, हमें इससे क्या लेना-देना? अगर उनके सामने ऐसी समस्या आती है, तो वे स्वयं जाकर किसी कुए-तालाब में डूबकर आत्महत्या कर लें, हमारी जान क्यों लेते हैं? तब भी वहाँ किसी ने उसे डाँट फटकर न लगाई हाय! किस युग में जी रहे हैं हम? माना की हमारे माता-पिता परम्परा से चली आ रही समाज की कुछ कुरीतियों में जकडे हुए हैं तो शिक्षित और विचारशील युवकों को मिलकर हमें जन्म और जीवन देनेवाले माता-पिता को समझाकर विश्वास में नहीं लेना चाहिए? मेरे पास भी ऐसे कई युवक-युवतियाँ विवाह के लिए आते रहे है। मैं उन्हें कहता हूँ कि चोरी छिपे विवाह कराकर इधर-उधर भागते फिरोगे, इससे अच्छा रहेगा कि किन्हीं प्रभावशाली लोगों, रिश्तेदारों के द्वारा पारिवारिक सहमति बनाओ। समाज में शिक्षित, विचारवान और उदारमतवादी व्यक्ति भी होते हैं, अगर आप उनसे जाकर मिलो, तो आपकी गलती देखकर आपको समझाएँगे या परिवारवालों को समझाएँगें। सडक-नालियों की सफाई और पार्कों की देखरेख तक के लए समितियाँ बना लेते हैं, क्या दो पीढियों के वैचारिक टकराव को दूर करके परिवार-समाज में अपनापन बनाऐं रखने के लिए ऐसा कोई समूह नहीं बनाया जा सकता? हमें इस दिशा में भी कुछ करना चाहिए।

बडी कडवी सच्चाई यह है कि हमारी युवा पीढी को नैतिकशिक्षा और चारित्रिक संस्कार आज कहीं से विधिवत् नहीं मिल पा रहे। एक शोकदायक आश्चर्य देखिये कि भी विद्यालयों को टी.सी. व

अंकतालिका के साथ एक चरित्रप्रमाण भी देना होता है। क्या किसी विद्यालय में चरित्र-निर्माण की दृष्टि से कुछ सिखाया-पढाया जाता है? यदि नहीं तो प्रमाणपत्र क्यों? जो सिखाया-पढाया ही नहीं, उसका प्रमाणपत्र किस आधार पर दिया जाए? निष्कर्षत: आज की पीढी इतनी संस्कारविहीन हो जाए कि अपने जन्मदाता, पालक-पोषक, सुख-दु:ख में साथ हँसने-रोनेवालों की भावनाओं, पारिवारिक व सामाजिक सन्मान की चिन्ता करना ही छोड दे और हम बुद्धिजीवी कहलानेवाले लिखने-पढने, सम्मेलन-समारोह करने में ही लगे रहें, तो यह अपने कतव्यों की आत्मघाती उपेक्षा सिद्ध होगी। माता-पिता, भाई-बहन जैसे रक्त सम्बन्ध ही टूट कर बिखरने लगेंगें, तो ऐसे लोग सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय अखण्डता की सुरक्षा कैसे कर पायेंगे?

– आर्य समाज, श्रीगंगा नगर,
राजस्थान मो.९०७९०३९०८८

* * *

महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा

**स्व.धर्मपालजी भक्सीन (लन्दन) एवं**
**स्व.श्रीमती शान्तिदेवी मायर लन्दन क पावन स्मृति में**

-* प्रान्तीय स्वास्थ्यरक्षा एवं चिकित्सा शिबिर *-

**स्थल:संजीवनी आरोग्य मंदिर,स्वामी श्रद्धानन्द गुरुकुल आश्रम, परली-वै.**

**दि.०२ मार्च २०२० से ०८ मार्च २०२० तक**

*** शिबिर के मार्गदर्शक ***

* प्रमुख मार्गदर्शक:-आयुर्वेद विशेषज्ञ वैद्य पू.विज्ञानमुनिजी मो.9975375711
* व्याख्याता - पं.सुधाकरजी शास्त्री, प्रा.डॉ.वीरेन्द्र शास्त्री, पं.लक्ष्मणराव आर्य, डॉ.नयनकुमार आचार्य, प्रा.अरुण चव्हाण, भजनोपदेशक पं.प्रतापसिंहजी चौहान
* सहयोगी - शिवदास नागरगोजे, आर्यमुनिजी, माता सेवायति, ब्र.ओम आर्य

इस शिबिर में -विभिन्न शारीरिक, मानसिक विकारों पर आयुर्वेद, निसर्गोपचार एवम् योग के माध्यम से चिकित्सा होगी। शोधन, शमन और पूरण के साथ ही आसन-प्राणायाम, षट्क्रिया आदियों द्वारा रोगमुक्ति एवं पूर्ण शरीरशुद्धी। * महिलाओं के लिए पृथक् व्यवस्था।

**प्रवेश शुल्क**
**रू.2100/-**

# नागरिकता संशोधन कानून - यथार्थता

- राजेन्द्र दिवे(मन्त्री,महाराष्ट्र आ.प्र.सभा)

समय रहतेही छोटेसे घाव पर इलाज न किया जाय, तो वह आगे चलकर नासूर बन जाता है, फिर उसे शस्त्रक्रिया द्वारा हटाने से ही काया निरोगी व स्वस्थ हो सकती है। हमारे राष्ट्ररूपी शरीर की भी यही अवस्था है। कईं समस्याओं के मूल कारणों को जड से उखाड फेंकने का कार्य पिछले कईं वर्षों में नही हो सका, जब कि अब यह कार्य देश की मोदी सरकार ने बडी सूझबूझ व साहस के साथ कर दिखलाया है, तो इसके के लिए विपक्षी दलों का भी पूरा समर्थन मिलना चाहिए। लेकिन संकुचित भावना व वोट बैंक की राजनीति के चलते सभी विपक्षी दलों में इतनी उदारता कहाँ? उन्हें तो देशहित के बजाय स्वकीर्णता ही प्रिय लग रही है। धारा ३७० को कश्मीर से हटाना, श्रीराम जन्मभूमि विवाद निपटाना तथा देश की सुरक्षितता हेतु प्रभावशाली कदम उठाना आदि मुद्दों पर ऐतिहासिक सफलता हासील करने के बाद मोदी-शहा ने देश में नागरिक संशोधन कानून(सीएए) गत १२ दिसम्बर लागू कर दिया। इस सर्वहितकारी निर्णय का सभी ने स्वागत करना चाहिए था, किन्तु जनता में विशेषत: मुस्लिमों में भ्रम फैलाकर देश को अस्थिरता के द्वार पर खडा करने का अनिष्ट कार्य कांग्रेस, वामपन्थी व अन्य विपक्षी दलों तथा कुछ धार्मिक व सामाजिक संगठनों द्वारा हो रहा है। यह महती चिन्ता का विषय है। लेकिन देश की जनता इन वास्तविक तथ्यों को भलीभांति समझती है। जो बात कांग्रेस शासनकाल में होनी चाहिए थी, आज देरी से क्यों न हो, पूर्ण हो रही है! इसे सभी ने हृदय से स्वीकारना चाहिए..।

इतिहास पर दृष्टिपात करने से पता चलता है कि साम्प्रदायिक अलगाववाद व त्रासदी का बीजारोपण ही भारत-पाकिस्तान के विभाजन के समय में हुआ था। अंग्रेज देश से चले जाते समय बैरिस्टर जीना ने 'टू नेशन' संकल्पना प्रस्तुत की। जिसके अनुसार धर्म(सम्प्रदाय) के आधार पर मुस्लिमों के लिए पाकिस्तान और हिन्दुओं के लिए भारत देश बना, जो कि इतिहास की बहुत बडी गलती थी। उस समय पाकिस्तान में रहें हिन्दु विस्थापितों पर क्या-क्या अत्याचार हुए? यह सब दुनिया जानती है। इन घटनाओं के चलते दोनों देशों में रहनेवाले अल्पसंख्यकों पर अत्याचार न हो, इसलिए इ.स.१९५० में पं.नेहरुजी और लियाकत अली खान इन दोनों में दिल्ली में करार हुआ, जिसे

'दिल्ली पॅक्ट' के नाम से जाना जाता है, इसी के अनुसार उन-उन देशों में रहनेवाले अल्पसंख्यकों के अधिकारों की पूरी रक्षा हो व उन्हें सन्मानपूर्वक जीवन प्रदान करने तथा जबरन धर्मान्तरण रोकने का निर्णय हुआ। तदनुसार दोनों देशों में अल्पसंख्यक आयोग भी स्थापित हुए। जिनका पालन भारत में तो हुआ, लेकिन पाकिस्तान में कतई नहीं हुआ। धार्मिक कट्टरता के आधारपर खडे पाकिस्तान में हिन्दू, जैन, बौद्ध, सीख, पारसी आदियों पर दिन प्रतिदिन अत्याचार होने लगे। उनका जीना दुष्कर हो गया। अल्पसंख्यकों का धर्मान्तरण करना, उनकी जमीन हडपना, उनके अधिकारों को हनन, बलात्कार, लूट आदि अत्याचारों को वे कहां तक सहते...? ऐसा होता रहा अफगानिस्तान और बांगलादेश में भी!

परिणामस्वरूप उन सभी अत्याचारपीडित समुदायों ने अपनी रक्षा हेतु गत ७०-७२ वर्षों से भारत में शरण ली है। यदि उन तीनों देशों में अल्पसंख्यंक लोग आनन्दपूर्वक जीते या उन्हें सम्मानपूर्वक रहने की व्यवस्था होती, तो वे क्यों यहां आतें और न उनके लिए यह कानून बनाने की आवश्यकता पडती! इसके विपरीत धर्मनिरपेक्ष भारत देश में अल्पसंख्यक समुदाय जिनमें मुसलमान, जैन, बौद्ध, पारसी, सीख, ईसाई आदियों को समान रूप से अधिकार हैं। उनपर किसी प्रकार के अत्याचार नहीं होते! यह विचारणी तथ्य है। यह इस नागरिकता संशोधन कानून से उन शरणागत भाईयों को आश्रय देने तथा उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान करने का रास्ता साफ हो जाता है। यह मानवीयता की दृष्टि से बहुतही आवश्यक था। इस कानून का विरोध करना नासमझीवाली बात है। विरोधियों की शिकायत है कि, 'प्रस्तुत संशोधन कानून में मुसलमान समुदाय का उल्लेख क्यों नहीं है? क्योंकि भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता पर चलता है।

इस पर स्पष्ट उत्तर है कि मुस्लिमों को उन-तीन देशों में सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार विद्यमान है, उनपर वहाँ किसी तरह अन्याय या अत्याचार ही नहीं होते और वे वहां पर सुखपूर्वक जीते है या उनके लिए जब वे स्वतन्त्र राष्ट्र हैं। तो फिर उन्हें यहां पर शरण लेने की आवश्यकता नहीं! इसलिए इस कानून में उनका उल्लेख नहीं और विशेष स्पष्ट बात है कि पूर्व से यहां पर निवास करनेवाले मुसलमान नागरिकों के लिए तो कोई आपत्ति ही नहीं है। उनकी असुरक्षा का तो सवाल ही नहीं है। तब विरोधकों द्वारा इस कानून के विरोध में चलाये जानेवाले

आन्दोलन पूरी तरह गलत है। मोदी सरकार व इस कानून के समर्थक जब जाहिर रूप से कह रहे है तो मुस्लिम भाईयों को किसी तरह की आपत्ति ही नहीं होनी चाहिए। उन्हें तो इस नागरिकता संशोधन कानून का स्वागत ही करना चाहिए। और सर्वत्र असमंजसता का वातावरण है। इस कानून के विषय में फैलाये जा रहे भ्रम को दूर करने की सबसे जादा आवश्यकता है, जिसकी जिम्मेदारी देश के नागरिक पर है, चाहे मिडिया हो, विरोध दल हो, सामाजिक व धार्मिक संगठन हो... या देश का शिक्षाविद समूह! आईये, हम सब मिलकर इस भ्रम को मिटाये और राष्ट्र को बचाये...!

**–'घरकुल', नारायण नगर, लातूर,**
**मो.९८२२३६५२७२**

## ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं!

ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं।
है अपनी ये तो रीत नहीं, है अपना ये व्यवहार नहीं।
धरा ठिठुरती है सर्दी से आकाश में कोहरा गहरा है।
बाग बाजारों की सरहद पर सर्द हवा का पहरा है।
सूना है प्रकृति का आँगन, कुछ रंग नहीं, उमंग नहीं।
हर कोई है घर में दुबका हुआ, नव वर्ष का ये कोई ढंग नहीं।
चंद मास अभी इंतजार करो, निज मन में तनिक विचार करो।
नये साल नया कुछ हो तो सही, क्यों नकल में सारी अक्ल बही।
उल्लास मंद है जन-मन का, आयी है अभी बहार नहीं।
ये नव वर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं।
ये धुंध कुहासा छंटने दो, रातों का राज्य सिमटने दो।
प्रकृति का रूप निखरने दो, फागुन का रंग बिखरने दो।
प्रकृति दुल्हन का रूप धार, जब स्नेह-सुधा बरसायेगी।
शस्य-श्यामला धरती माता, घर-घर खुशहाली लायेगी।
तब चैत्र शुक्ल की प्रथम तिथि, नव वर्ष मनाया जायेगा।
आर्यावर्त की पुण्य भूमि पर, जय गान सुनाया जायेगा।
युक्ति-प्रमाण से स्वयंसिद्ध, नव वर्ष हमारा हो प्रसिद्ध।
आर्यों की कीर्ति सदा-सदा, नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा।
अनमोल विरासत के धनिकों को, चाहिये कोई ऊधार नहीं।
ये नववर्ष हमें स्वीकार नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं।
है अपनी ये तो रीत नहीं, है अपना ये त्यौहार नहीं।

**राष्ट्रकवि रामधारीसंह दिनकर**

# महान व्यक्तित्त्व- स्वामी स्वतन्त्रानन्दजी

**- स्वामी सदानन्दजी सरस्वती**

पूज्य स्वामी स्वतंत्रानन्द जी महाराज के विषय में क्या लिखूं? वे एक व्यक्ति अपने आप में एक संस्था थे। अनेक सभा, संस्थाओं के जनक, पालक, पोषक व स्तम्भ थे, स्वामी जी अन्वेषक, साधु, सेनानी, तपस्वी, मनस्वी, नेता, विजेता, दार्शनिक, वैद्य, ब्रह्मचारी, सुधारक, विचारक, दूरदर्शी, विभूति थे। मैं उनके रूप को किस विषय लिखूं।

१)मारीशस का राजनीतिक महत्त्व समझनेवाले सबसे पहले भारतीय नेता स्वामी स्वतंत्रानंद जी महाराज थे।

२)मॉरीशस का सप्रमाण इतिहास व भूगोल में लिखनेवाले सर्वप्रथम भारतीय बेशक स्वामीजी ही थे।

३)भारतीय स्वाधीनता संग्राम में सत्याग्रहियों से युद्धबंदियों जैसे व्यवहार करने की मांग करने वाले सर्वप्रथम राष्ट्रीय नेता स्वामीजी ही थे।

४) अंग्रेज स्वामी जी की इस मांग से खींच उठा और तत्क्षण महाराज को कारागार भेज दिया गया।

५)भारतीय स्वाधीनता संग्राम दुसरे महायुद्ध के दिनों में स्वामीजी पर हरयानवी सैनिकों के माध्यम से सेना में विद्रोह फैलाने का भी आरोप लगाया गया, स्वामी जी ने हरियाणा की जो यात्रा की थी, श्री सिद्धांत जी गुजर स्वामी ओमानंद जी आदि उनके कुछ विशेष भक्त बारी-बारी उनके साथ रहे।

६)देश एवं विदेश में राष्ट्रभाषा को सर्वाधिक प्रचारक पूज्य स्वामी जी नहीं दिए, दक्षिण भारत में आंध्र, मद्रास, केरल, मैसूर तथा अफ्रीका में जिन लोगों ने राष्ट्र भाषा के प्रचार की अलख जगाई उसमें अधिकतम संख्या स्वामीजी के शिष्यों की ही है।

७) मॉरीशस में हिंदी को शिक्षा संस्थाओं व राजकाज में दैनिक जीवन में स्थान दिलाने का कार्य स्वामीजी ने किया।

८)स्वामीजी ने आर्य समाज को सर्वाधिक साधु उपदेशक दिए।

९)भारतीय स्वाधीनता संग्राम में न्यायालय के अपमान के प्रथम सत्याग्रही अभी योगी हरियाणा प्रदेश के स्वाधीनता सैनिक श्री पंचराम जी वैदिक को कि सार्वजनिक जीवन के विशाल क्षेत्र को लानेवाले एवं अद्वितीय सारथी बनानेवाले स्वामीजी महाराज ही थे।

- अध्यक्ष, दयानंद मठ दीनानगर
जि.गुरदासपूर (पंजाब)

# अजमेर में ऋषिमेला सोत्साह सम्पन्न

महर्षि दयानन्द की उत्तराधिकारी परोपकारिणी सभा अजमेर के तत्त्वावधान में ऋषिवर की पावन स्मृति में इस वर्ष का ऋषिमेला दि.१, २, ३ नवम्बर को विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हुआ। इस भव्य मेले का उद्घाटन (पहले दिन प्रात:) सभाप्रधान डॉ.वेदपालजी के करकमलों से ध्वजारोहण द्वारा हुआ। इस अवसर पर आर्य जगत् के संन्यासी, वानप्रस्थी, विद्वान, लेखक, सभा पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

तत्पश्चात् मुख्य में विभिन्न सत्र चलते रहे, तथा सरस्वती भवन में 'वेद में वर्णित ईश्वरस्वरूप एवं नाम' इस विषयपर वेदगोष्ठी के सत्र चलते रहे। मुख्य मंच से शिक्षा व राष्ट्रवाद, मानवनिर्माण व आर्य समाज, नारी उत्थान व आर्य समाज, आर्य समाज की प्रासंगिकता, म.दयानन्द की विश्व को देन, युवाओं की भूमिका आदि विषयों पर सम्मेलन हुए, जिनमें विभिन्न विद्वानों ने अपने मौलिक विचार रखे। सर्वश्री डॉ.सुरेन्द्रकुमारजी, श्री कमलेश अग्निहोत्री, डॉ.उषा शर्मा 'उषस्', डॉ.सूर्यादेवी चतुर्वेदा, उत्तमा यति, सभामंत्री कन्हैयालाल आर्य, डॉ.विनय विद्यालंकार, श्री विनय आर्य, डॉ.राजेंद्र विद्यालंकार, श्री रामपालजी आर्य, सभाप्रधान डॉ.वेदपालजी, आचार्य विजयपालजी, पं.रामनिवासजी गुणग्राहक, डॉ.महावीरजी (पूर्व कुलपति, उत्तराखंड सं.वि.वि.), डॉ.महावीरजी 'मीमांसक' आदि विद्वानों ने श्रोताओं को सम्बोधित किया। मेले के दौरान कई विद्वानों को विभिन्न पुरस्कार प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया गया।

उल्लेखनीय है कि एम.डी.एच.के चैयरमैन महाशय धर्मपालजी ऋषि को श्रद्धांजलि देने हेतु इस समारोह में पधारे थे, उन्होंने सभी के आग्रह पर परोपकारिणी सभा के संरक्षक को स्वीकार किया और सभा को आर्थिक दृष्टि से बलवती बनाने हेतु उन्होंने स्थिरनिधि के लिए ३५ लाख रूपयें की राशि प्रदान करने की घोषणा की। ऋषिमेले में महाराष्ट्र, केरल, छत्तीसगड, बिहार, हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, दिल्ली आदि राज्यों से आर्यजन पधारे थे।

**आगामी वर्ष का ऋषिमेला दि.२० से २२ नवम्बर २०२० को मनाया जायेगा।**

-० शोक समाचार ०-

# आचार्य सत्यानन्दजी वेदवागीश का निधन

आर्य जगत् के वेद व्याकरण, दर्शनशास्त्र व कर्मकाण्ड के मूर्धन्य वैदिक विद्वान आचार्य श्री सत्यानन्दजी वेदवागिश का दि.२३ दिसम्बर २०१९ को प्रात: दु:खद निधन हुआ। वे ८६ वर्ष के थे। उनके पार्थिव शरीर पर जयपूर के करणी पैलेस श्मशान घाट पर पूर्ण वैदिक पद्धति से अंतिम संस्कार किया गया।

पण्डित जी का जन्म १० अक्टूबर १९३३ को राजस्थान में अजमेर जिले की लीडी नामक ग्राम में श्री ओंकार सिंह आर्य एवं श्रीमती सुगनीबाई के कृषक परिवार में हुआ। आरम्भिक शिक्षा लीडी में होने के पश्चात् सन १९४३ में स्वामी व्रतानंद जी के गुरुकुल चित्तौडगढ में प्रवेश लिया। यहाँ आपने निरन्तर १४ वर्ष तक पाणिनीय व्याकरण (महाभाष्य पर्यन्त), निरुक्त, छन्द, दर्शन एवं वेदादि शास्त्रों का आर्ष विद्या का अध्ययन किया और वेदवागीश की उपाधि प्राप्त की। आपके प्रमुख गुरुजन पं.शोभित मिश्र, पं.शंकरदेवजी, पं.भीमसेनजी आदि थे। गुरुकुलीय शिक्षा के पश्चात् आपने एम.ए. आदि की राजकीय परीक्षाएँ उत्तीर्ण की।

आपने विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्यापन कार्य किया। साथ ही जिज्ञासु छात्रों को अष्टाध्यायी-महाभाष्य की पद्धत से पढाने की प्रक्रिया सतत बनी रही। कुछ काल तक परोपकारिणी सभा में ऋषि दयानन्द के ग्रन्थों के संशोन का दायित्व भी सम्भाला।

आप संस्कृत व्याकरण के प्रौढ विद्वान एवं उत्तम वक्ता थे। बहुत काल तक आप स्वतंत्र रूप से धर्मोपदेश तथा संस्कारादि कृत्य करते करवाते रहे। आचार्य निरंजन देव(शङ्कराचार्य) आदि से आपके अनेक शास्त्रार्थ हुए। आपने पीराणा सम्प्रदाय के आचार्यों के साथ भी शास्त्रार्थ कर चुके हैं। आपने नामनिधि, अंत्येष्टि संस्कार, पाणिनीय शब्दानुशासनम्, दयानन्द वेदभाष्य-भावार्थ प्रकाश(दो खण्ड), बुद्धि निधि, दयानन्द दृष्टान्त निधि, सुक्तिनिधि, भक्ति-सत्संग, कीर्तन, वेदसाहाय्यनिधि आदि ग्रन्थ लिखे। अनेकों महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का सम्पादन भी आपने किया। वृद्धावस्था में भी आप सतत लेखन, स्वाध्याय आदि में व्यस्त रहते थे।

(जीवन परिचय साभार : आर्य लेखन परिचय - आचार्य आनन्द प्रकाश)

– विश्वप्रिय वेदानुरागी

***

## संपादक अश्विनीकुमार चोपडाजी का निधन

सुप्रसिद्ध वरिष्ठ पत्रकार, पूर्व लोकसभा सदस्य तथा प्रसिद्ध समाचार पत्र, पंजाब केसरी के संचालक एवं संपादक श्री अश्विनीकुमारजी चोपडा का दि.१८ जनवरी २०२० को निधन हो गया। वे ६३ वर्ष की आयु के थे। श्री चोपडाजी आर्य समाजी परिवार के वैदिक विचारों की धरोहर के संपोषक थे। दयानंद सरस्वती जी के सच्चे भक्त और सत्य पर आधारित लेखनी के धनी योद्धा थे। आपका निष्ठावान व्यक्तित्त्व मानवमात्र के लिए प्रेरणाप्रद है।

## राव हरिश्चंद्रजी आर्य का देहावसान

आर्य जगत् की विभूति और आर्य सम्मान पुरस्कारों द्वारा प्रतिवर्ष अनेक विद्वानों को प्रभूत धनराशि से सम्मानित करके आर्यजगत का गौरव बढानेवाले, अनेक गुरुकुलों, गौशालाओं, अनाथाश्रमों के संरक्षक व पोषक, नागपुर महाराष्ट्र के आर्य उद्योगपति, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अन्तरंग सदस्य आर्यनेता श्री राव हरिश्चंद्र आर्य जी का निधन दि.२४.१२.२०१९ को दोपहर १ बजे नागपुर में हो गया। प्रतिवर्ष वे अपने परिवार की ओर से आर्य विद्वानों व सन्यासियों को आर्यभूषण सम्मान प्रदान करते थे। महाराष्ट्र सभा के पूर्व प्रधान पू.स्वामी श्रद्धानन्दजी इस पुरस्कार से सम्मानित हो चुके है। नागपुर में आर्य समाज की गतिविधियाँ बढाने में श्री आर्यजी का काफी सक्रिय येागदान रहा है। उनका अन्तिम संस्कार २५ दिसम्बर २०१९ को उनके पैतृक गांव बीघोपुर नजदीक नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ (हरि.)में पूर्ण वैदिक रीति से किया गया।

## पं.रतिराम शर्मा का निधन

वैदिक धर्म के उपासक, आर्य समाज के दीवाने और प्रचारक आर्यरत्न प.रतिरामजी शर्मा का ३० दिसम्बर २०१९ को देहावसान हो गया। वे ९२ वर्ष के थे। उत्तर बंगाल और नेपाल में आपने जगह-जगह पर आर्यसमाज की स्थापना की है। समाजसेवा के क्षेत्र में भी आपका अविस्मरणीय योगदान है।

## गजानन्दजी आर्य का निधन

आर्य जगत के प्रसिद्ध विद्वान, दानशूर आर्यश्रेष्ठी, लेखक एवं परोपकारिणी सभा अजमेर के संरक्षक तथा पूर्व प्रधान श्री गजानन्दजी आर्य का दि.६ जनवरी २०२० को देहावसान हो गया। वे ९० वर्ष के थे। श्री आर्यजी महर्षि दयानन्द के परम अनुयायी तथा वैदिक सिद्धान्तों के ज्ञाता, मर्मज्ञ लेखक थे। साथ ही वे त्याग, समर्पण व उदारता की प्रतिमूर्ति थे। जीवनभर उन्होंने आर्य समाज के तत्त्वों का पालन किया। कोलकाता में आप वस्त्रों के प्रसिद्ध व्यवसायी व उद्योजक के रूप में जाने जाते हैं। आप द्वारा स्थापित 'इकॉनॉमिक ट्रांसपोर्ट आर्गेनाईजेशन' यह परिवहन व्यवसाय अन्यों के लिए भी आदर्श बन चुका है। आर्य समाज कोलकत्ता आपने आगे बढाया साथ ही अजमेर स्थित परोपकारिणी सभा को भी आपने प्रगति के शिखर पर पहुंचाया। सात्त्विकता, सरलता, सादगी एवं सदाचार आदि गुण आप में ओतप्रोत थे। सभा के साथ ही अन्य संस्थाओं को भी आपने आर्थिक सहयोग दिया। आपके देहावसान से आर्यजगत् व परोपकारिणी सभा की अपूरणीय क्षति हुई है।

**उपरोक्त सभी दिवंगत आत्माओं को महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा की भावपूर्ण श्रद्धांजलि एवं इन सभी को श्रद्धावनत नमन..!**

**महर्षि दयानन्द जयन्ती एवं ऋषि दयानन्द बोधपर्व पर उस महान युगपुरुष को शत्‌शत् अभिवादन !**

**सभी आर्यजनों को हार्दिक शुभकामनायें..!**

आर्य कार्यकर्त्ताओं से निवेदन है कि, वे अपनी-अपनी आर्य समाजों में दि.१८ फरवरी को महर्षि दयानन्द का जयन्ती दिवस मनावें तथा दि.२१ फरवरी को ऋषि बोध पर्व उत्साह के साथ मनावें। इन अवसरों पर यज्ञ, भजन, प्रवचन तथा छात्रों व बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करें..!

**- महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा**

॥ कृण्वन्तो विश्वमार्यम् ॥

**श्रेष्ठ मानव बनों ! वेदों की ओर लौटो !**

वेद प्रतिपादित मानवीय
जीवन मूल्यों को
जन-जन तक पहुँचाने हेतु
कार्यतत्पर संशक्त एवं समर्थ प्रान्तीय आर्य संगठन

# महाराष्ट्र आर्य प्रतिनिधि सभा

( पंजीयन-एच. ३३३/२.नं.६/टी.इ. (७)१६७/१०४९.
स्थापना ५ मार्च १९७७)

## मानव कल्याणकारी उपक्रम

- 'वैदिक गर्जना' मासिक मुखपत्र
- आर्य समाज दिनदर्शिका
- पू. हरिश्चन्द्र गुरूजी गौरव-'मानवता संस्कार एवं आर्यवीरदल शिविर'
- आर्य कन्या वैदिक संस्कार शिविर
- पातञ्जल ध्यानयोग शिविर
- प्रान्तीय आर्य वीर दल प्रशिक्षण शिविर
- पुरोहित प्रशिक्षण शिविर
- मानव जीवनकल्याण वेद प्रचार (श्रावणी) उपाकर्म अभियान
- स्व. विठ्ठलराव बिराजदार स्मृति विद्यालयीन राज्य. वक्तृत्व स्पर्धा
- सौ. तारादेवी जयनारायणजी मुंदडा विद्यालयीन राज्य.निबंध स्पर्धा
- सौ. कलावतीबाई व श्री मन्मथअप्पा चिल्ले (आनन्दमुनि) महाविद्यालयीन राज्य. वक्तृत्व स्पर्धा
- विद्यार्थी सहायता योजना
